की विशेष व्यवस्था की आवश्यकता है। गन्ना आपूर्ति के भुगतान में भी विलम्ब हो रहा है। मेरे और सदन के अनेक माननीय सदस्यों की बार-बार चेतावनी पर और खासतौर से स्पीकर महोदय के हस्तक्षेप पर लगभग एक चौथाई बकाये का भुगतान तो हुआ लेकिन करीब-करीब सारा भुगतान सोसायटी ने अपने बकाये में मुजरा कर लिया है। कम से कम 31 मार्च तक की गन्ना सप्लाई के बकाये के भुगतान की व्यवस्था अविलम्ब होनी चाहिये।

12.16 hrs.

(Mr. Deputy-Speaker in the Chair)

2. खाड़ी और अरब देशों के गोश्त और गोश्त वाले जानवरों के निर्यात से इस रोजगार में लगे लाखों लोगों को रोजी मिली थी पर इन देशों ने इलजाम लगाया है कि हमारे देश के जानवर प्लेग की बीमारी से पीड़ित हैं और इनमें से अधिकांश देशों ने भारत से अपने देश में जानवर और गोश्त दोनों के आयात पर पाबंदी लगा दी है। जानवरों और गोश्त की खेप जो रास्ते में जहाजों पर है उन्हें भी लेने से इंकार कर दिया है।

इन दोनों गभीर विषयों पर अगले हफ्ते सदन में बहस जरूरी समझता हूं।

श्री जयपाल सिंह कश्यप (आवला) : मैं संसदीय कार्य मंत्री के आगामी सप्ताह की कार्यवाही के सम्बन्ध में निम्न वक्तव्य देना चाहता हूं :—

चीनी के अनेक कारखाने बंद किए जा रहे हैं और देश के अनेक भागों में अभी तक गन्ना खड़ा हुआ है, उसकी पिराई नहीं हुई है। उत्तर प्रदेश में एवं बदायूं के मिल को बंद कर लाखों गन्ना किसानों से खिलवाड़ करने और उनके खड़े गन्ने की पिराई न कर इसे नष्ट करने की स्थिति उत्पन्न की जा रही है। इससे किसानों को अरबों रुपये की क्षति होगी और देश को भी बहुत हानि होगी। सरकार निर्देश दे कि गन्ना मिलों में उस समय तक पिराई चालू रखी जाये जब तक कुल गन्ने की पिराई न हो जाये।

2. बदायूं जिला उत्तर प्रदेश का बहुत पिछड़ा जिला है। आवागमन के साधन की कमी के कारण इस क्षेत्र का विकास नहीं हो पा रहा है। इस जिले के लोगों की बराबर मांग रही है कि शाहजानपुर कटरा से दातागंज, बिनावर, बदायूं, बजीरगंज होकर चंदोसी तक बड़ी रेल लाइन बिछा कर इसे बड़ी लाइन से जोड़ दिया जाये। आगामी सप्ताह इन दोनों मुद्दों को चर्चा के लिये सम्मिलित किया जाए।

CANTONMENTS (AMENDMENT) BILL—COTD.

MR. DEPUTY SPEAKER : Now, the House will take up the next item on the agenda, namely, further consideration of the motion moved by Shri K. P. Singh Deo. Mr. Daga was on his legs. He will continue his speech. Please conclude in five minutes.

श्री मूलचन्द डागा (पाली) : उपाध्यक्ष महोदय, आपके द्वारा मैं माननीय रक्षा मंत्री जी से नम्र निवेदन करना चाहता हूं कि इस बिल में 167 क्लाजेज हैं और आपने अमेंडमेंट्स भी किए हैं। अच्छा होता यदि यह बिल थोड़े समय के लिए सिलेक्ट कमेटी को भेज दिया जाता। इस प्रकार के कानून जब बनते हैं तो कुछ घन्टों में पारित हो जाते हैं और लाखों लोगों पर इसका प्रभाव पड़ता है। इस प्रकार के बिल जल्दी में पास नहीं होने चाहिए। अगर यह बिल सिलेक्ट कमेटी को भेज देते हैं तो केन्टोनमेंट में रहने वाले लोग अपनी तकलीफ इस कमेटी के सामने बता सकते हैं। पार्लियामेंट में भी जब कभी बिल आते हैं तो स्टेंडिंग कमेटी में उनको इक्जामिन किया जाता है, उसके बाद टेक-अप होते हैं। सन् 1924 का एक्ट जो आपने इस बिल के द्वारा पेश किया है, उसे आप 1983 में संशोधित कर रहे हैं। मैं नहीं समझता कि 5-6 महीने में कोई बड़ा आसमान जमीन पर आ जायेगा। मैंने जब इस बिल को पढ़ा तो मुझे

यह नहीं मालूम हो सका कि आप बिल से चाहते क्या हैं ? मैंने तो बिल में यह देखा है कि सारी की सारी पावर्स म्यूनिसिपल्स को होनी चाहिए। उससे भी कम आपने ब्यूरोक्रेट्स को पावर दे रखी हैं। बोर्ड के फंकशंज क्या हैं ? बिल्कुल साधारण फंकशंन हैं। सैक्शन 116 में दिए हुए हैं।

"116. It shall be the duty of every (Board), so far as the funds at its disposal permit, to make reasonable provision within the cantonment for—

(a) lighting streets and other public places ;

(b) watering streets and other public places ;

(c) cleansing streets, public places and drains, abating nuisances and removing noxious vegetation ;

(d) regulating offensive, dangerous or obnoxious trades, callings and practices ;

(e) removing, on the ground of public safety, health or convenience, undesirable obstructions and projections in streets and other public places ;

(f) securing or removing dangerous buildings and places ;

(g) acquiring, maintaining, changing and regulating places for the disposal of the dead ;

(h) constructing, altering and maintaining streets, culverts, markets, slaughter-houses, latrines, privies, urinals, drains, drainage works and sewerage works;"

इनको कुछ एमेंड आपने कर दिया है और यह कह दिया है।

establishing and maintaining a system of public vaccination and establishing and maintaining primary schools

इसको शामिल कर दिया जाए। वैक्सीनेशन के बारे में कह दिया है कि यह स्टेट सब्जैक्ट है। साधारण सिविक एमेनेटीज के बारे में काम जो 1965 के एक्ट में बताए गए हैं, 35 साल के बाद आप कोड बनाते हैं तो क्या आप यह नहीं कर सकते थे कि सारी पावर्ज जो नौकरशाही को दे रखी थीं, उससे उनको आप वापिस ले कर जनता के प्रतिनिधियों को देते ?

सैक्शन 24 को आप एमेंड कर रहे हैं और क्लाज 16 में लिखते हैं :

"24. (1) For every cantonment there shall be an Executive Officer appointed by the Central Government or by such person as the Central Government may authorise in this behalf—

Provided that the Board may empower any of its members or officers to exercise or perform in the absence of the Executive Officer from the cantoment all or any such powers or duties of an Executive Officer under this Act as the Central Government may be notification in the Official Gazette, specify in this behalf."

आप फिर क्लाज 3 एड करते हैं :

The Executive Officer shall be the Secretary of the Board and every Committee of the Board and may participate in every meeting.

आप कहते हैं कि सेक्रेटरी भी पार्टिसिपेट करेगा मीटिंग में। वह रिकार्ड रखेगा और न केवल यह बल्कि वह मीटिंगों में बैठ भी सकता है और वह मीटिंग में पार्टिसिपेट भी करेगा। क्लाज 16 को एमेंड किया है आपने। इस में आपने लिखा है :

Secretary can keep records. He can sit there in the meeting to participate in the meeting.

इलैक्टिड मैम्बर इस बोर्ड में होंगे। नामिनेट भी आप करेंगे। उस बोर्ड के अन्दर सैक्रेटरी हर मीटिंग में पार्टीसिपेट करेगा।

I will request the hon. Minister to please take note of this. The Executive Officer shall be the Secretary of the Board and of every Committee of the Board and may participate in every meeting of the Board and o every Committee of the Board.

यह डेमोक्रेटिक सेट अप में कहीं नहीं है। और रक्षा राज्य मंत्री कह रहे थे कि लोकतन्त्र पद्धति में पावर देना चाहिये यह पावर दे रहे हैं कि सेक्रेटरी बोर्ड की मीटिंग में पार्टिसिपेट करेगा। अब वाइस-प्रेसीडेंट को कैसे रिमूव करेंगे ? सिर्फ वोट ले कर। यह नियम है कि अगर वाइस-प्रेसीडेंट को रिमूव करना है तो उसको हीयरिंग का मौका देना चाहिये आप रिमूव कर देंगे क्या कोई रिजोल्यूशन पास कर के ?

"A Vice-President may be removed from his office at a special meeting convened for the purpose on a requisition for the same by not less than one-half of the elected members of the Board holding office...

अब आपने प्रेसीडेंट को पावर दे रखी हैं कि अगर वह सहमत न हो तो डिसेंटिंग नोट दे सकता है।

The President can dissent from the decision of the Board. The Board has taken a decision ; the President can give a dissenting note.

यह क्या तमाशा है। एक तरफ डेमोक्रेसी में विश्वास करते हैं और दूसरी तरफ कहत हैं बोर्ड ने जो निर्णय लिया उससे अगर प्रेसीडेंट एग्री न करे तो वह डिसेंटिंग नोट दे सकता है, जब कि वह इलेक्टेड मेम्बर नहीं है। लेकिन पावर इतनी वाइड उसको दे रखी हैं। मेरी समझ में अधूरे मन से आप यह बिल ले कर आये हैं कुछ छोटे-छोटे संशोधन कर के। यह क्या तरीका है ? आप मेहरबानी करके इसको एक बार सिलेक्ट कमेटी में भेजिये और फिर बिल यहां लाइये।

अब आप क्या कर रहे हैं ? मैंने जब यह पढ़ा : The Central Government may at any time require the Board to produce...

मैं कई बार कह चुका हूं कि जितनी म्युनिसिपैलिटीज और बोर्ड हैं वह ठीक तरह से क्यों नहीं फंक्शन कर रहे हैं ? उसके अन्दर सरकार का इंटरफीयरेंस होता है।

MR. DEPUTY SPEAKER : Please conclude now.

SHRI MOOL CHAND DAGA : Sir, I will request you to go through this Bill and its various clauses. Just see what sort of Bill we are going to pass in the Parliament. It is very important ; do not try to hush up...

MR. DEPUTY-SPEAKER : All right, please continue.

श्री मूल चन्द डागा : बोर्ड ने एक मीटिंग की और उसके बाद एक निर्णय लिया। जो प्रेसीडेंट है वह उसको डिसेंट करने के बाद वह सरकार को भेजेगा। लोकतन्त्र के अन्दर शासन का विकेन्द्रीकरण होना चाहिये। जब तक आप अपनी पावर्स को डीसेन्ट्रेलाइज नहीं करेंगे लोकतंत्र आगे नहीं बढ़ सकता

"The President's dissent from any decision of the Board which he considers is prejudicial to the health, welfare or discipline of the troops in the Cantonment."

जब सारा बोर्ड है, आपके नामिनेटेड मेम्बर हैं, तब भी आप इस तरह का बिल लेकर आये हैं। हम चाहते हैं कि इस बिल पर आप पुनर्विचार करें। आपने एक क्लाज पेश किया—

Clause 46 says :

"The Central Government may at any time require a Board :

(a) to produce any record, correspondence, plan or other things to furnish or to furnish to obtain and furnish any report.'

Now we have got three more officers. Anybody can ask anybody to produce any document.

कई बार इस सदन में यह बात कही गई है कि हम ओक्ट्राई को एबालिश करना चाहते हैं। जब सारे पोग्रेसिव मेयर्स हो चुके हैं, रिपोर्ट आ चुकी है कि हमको अक्ट्राई खत्म करनी चाहिये, कई बार इस बारे में हाउस में डिस्कशन हो चुका है कि इसमें बड़ी करप्शन होती है, समय बर्बाद

होता है और आमदनी कम होती, इस पर डिसीजन हो चुके हैं, लेकिन अभी तक वह लागू नहीं हुए ।

Now in Section 46 :

"The Central Government or such other Officer or authority as may be authorised by the Central Government on its behalf shall inspect it."

Now Section 48 says :

"The Officer Commanding-in-Chief, may, by order in writing :

Call for any book or document in the possession on under the control of the Board, required to furnish such Statements, accounts, reports and copies of documents relating to the proceedings duties or works as he thinks fit."

Now, this is the power given.

Now, what has he done ? In Clause 32 of the principle Act,

"after the words "Central Government or the Officer Commanding-in-Chief, the Command", the words "or the Director or such other officer or authority as may be authorised by the Central Government in this behalf" shall be inserted."

All these people are there that can ask for and inspect it.

इस प्रकार की म्युनिसिपैलिटीज में अगर बूयरोक्रेट्स का हस्तक्षेप होने लगे आपने उनको पावर्स दे दी हैं ।

Never allowed to work.

म्युनिसिपैलिटीज आटोनामस बाडीज हैं, सैक्शन 47 में यह है—

"The Central Government or the Officer Commanding-in-Chief or the Command or its Director or such other Officer or authority..."

Gong on, on and on and or.

यह कोई बोर्ड बना रहे हैं जिस पर अधिकारियों का राज कर रखा है । पहले एक आफीसर था और अब 5 आफीसर हैं ।

श्री माधव राव सिंधिया (गूना) : यह बिल अधिकारी ही ड्राफ्ट करते हैं ।

श्री मूलचन्द डागा : थोड़ा यह भी देखिए कि हम म्युनिसिपैलिटी से क्यों परेशान होते हैं । वहां इलैक्टेड मैम्बर्स से ज्यादा पावर्स अधिकारियों के पास होती हैं ।

To how many Officers you are giving powers ?

कभी किसी का माइंड भी देखा है कि ये लोग क्या कर रहे हैं ? सरकार यह किस तरह कह सकती है कि वह कैन्टूनमेंट बोर्डज को डेमोक्रेटिक राइट्स दे रही है ? उसे साफ कहना चाहिए कि हम इलेक्टिड मेम्बर्ज को पावर नहीं देना चाहते । जब मिनिस्टर आफ स्टेट ने इस बिल को इन्ट्रोड्यूस करते हुए कहा कि हम केन्टूनमेंट्स के लोगों को लोकतंत्र के अधिकार दे रहे हैं, तो हमें बड़ी खुशी हुई और हमने सोचा कि जवान आदमी है, बड़ी अच्छी बात कह रहा है । लेकिन इस बिल को पढ़ने से पता लगता है कि लोकतंत्र नहीं, बल्कि नौकरतंत्र लागू किया जा रहा है—लोक पर नौकर हावी हो गया है । यह कितने आश्चर्य की बात है कि 1983 में इस तरह का बिल पेश किया जा रहा है ।

ओरिजिनल एक्ट के सैक्शन 48 में कहा गया है : -

"The Officer Commanding-in-Chief, the Command, may, by order in writing—

(a) call for any book or document in the possession or under the control of the Board ;"

Now they want not only one officer, but so many other officers. I had quoted from the old Act of 1924. Now they are adding this.

जहां तक रेगुलेशन्ज का सम्बन्ध है, यह व्यवस्था की गई है कि कैन्टूनमेंट बोर्ड द्वारा बनाए गए रेगुलेशन्ज तब तक लागू नहीं होंगे, जब तक सैंट्रल गवर्नमेंट उसको ऐप्रूव न कर

दे। कैन्टूनमेंट बोर्ड ने रेगुलेशन्ज पास कर दिए, लेकिन सेंट्रल गवर्नमेंट की एप्रूवल के बिना वे वे एनफोर्स नहीं किए जा सकते। मैं ये बेसिक क्वेस्चन आपके सामने रख रहा हूं।

जहां तक सजा का सम्बन्ध है, अगर कोई व्यक्ति दारू रखेगा, तो उस पर 50 रुपए जुर्माना होगा—पहले यह प्राविजन था। अब जुर्माने की इस रकम को बढाकर 250 रुपए कर दिया गया है। यह ठीक है। लेकिन जो तीन महीने की सजा रखी गई थी, उसका क्या किया ? वह वैसे ही रहेगी।

टैक्स लगाने के बारे में यह प्रोवाइड किया गया है कि अगर सैंट्रल गवर्नमेंट डायरेक्शन दे कि फलां टैक्स इम्पोज कर दी, तो कैन्टूनमेंट बोर्ड को करना पड़ेगा। नए सैक्शन 63 ए में कहा गया है :—

> "Where the Central Government is of opinion that for securing adequate financial provision for the efficient discharge of the duties and functions of a Board it is necessary so to do, it may issue directions to the Board requiring it to impose within the cantonment area any tax specified in the direction which it is empowered under this Act to impose and which is not already imposed within the said area."

आप म्युनिसिपल बोर्डों को टैक्स लगाने और फाइनेंशियल हालत सुधारने की पावर्स देते हैं लेकिन यहां पर आप कहते हैं कि ऊपर से हुक्म देंगे कि यह टैक्स लगाओ और उसको इम्पोज किया जाना चाहिए। कैन्टोमेंट बोर्ड में इतने लोग मौजूद होंगे, आपने आलरेडी अपने आफिसर्स को नामिनेट करने की बात कही है। वह आफिसर्स बोर्ड के मेम्बर होंगे और वह पार्टिसेपेट करेंगे लेकिन फिर भी आप कहते हैं कि टैक्स ऊपर से लगाया जायेगा। फिर मेरी समझ में नहीं आता कि बोर्ड क्या फंक्शन करेगा? आपने लिखा हुआ है कि फर्स्ट क्लास मजिस्ट्रेट, हेल्थ आफिसर, एग्जीक्यूटिव इंजीनियर, चार मिलिट्री आफिसर्स और सात एलेक्टेड मेम्बर्स रहेंगे। बोर्ड में इतने एलेक्टेड और नामिनेटेड मेम्बर्स होने के बावजूद आप कहते हैं कि उनके पास कोई पावर नहीं होगी। एक छोटी सी चीज की सैंक्शन के लिए भी उनको दिल्ली आना पड़ेगा।

ऐसी हालत में मैं मन्त्री जी से निवेदन करूंगा कि इसमें प्रतिष्ठा का सवाल नहीं है और न ही कोई आसमान टूटने वाला है। 1924 में जो ऐक्ट बना था, उसमें बेसिक अमेंडमेंट्स अब आप 1983 में करने जा रहे हैं। आप मेहरबानी करके एक सेलेक्ट कमेटी बना-कर यह बिल उसके सुपुर्द कर दीजिए। कमेटी अपनी दो-चार बैठकें करके मानसून सेशन के पहले अपनी सिफारिशें इस सदन के सामने पेश कर देगी। यह कानून उन लोगों के लिए है जोकि कैंटूनमेंट में रहते हैं। उन लोगों की राय भी कमेटी के सामने आ जाएगी। जब एक तरफ हम लोकतन्त्र की दुहाई देते हैं तब सड़कें ठीक करने, लाइट्स देने जैसे मामूली कामों के लिए भी अगर दिल्ली से इजाजत लेनी पड़े तो यह मैं समझता हूं हमारे लिए शर्म की बात होगी। 167 क्लाजेज को यहां पर कुछ घंटों में पास कर देना मैं समझता हूं उचित नहीं होगा। मेरा तो यही सुझाव है कि इस बिल पर विचार करने के लिए एक सेलेक्ट कमेटी बिठा दी जाए जोकि विचार-विमर्श करके अगले सेशन में अपनी रिपोर्ट पेश कर दे।

श्री सूरज भान (अम्बाला) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं श्री वैंकटरमण जी और श्री के पी सिंह देव जी को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने यहां पर एक विस्तृत विधेयक पेश किया। मैं इस विधेयक की सारी धाराओं से तो सहमत नहीं हूं लेकिन इसमें कुछ अच्छी चीजें भी हैं। 60 सालों के बाद अब विस्तार में कुछ अमेंडमेंट लाए गए हैं लेकिन बदकिस्मती से वह भी अधूरे हैं। डिमोक्रेटाईजेशन करने की बात कही गई है। जो एलेक्टेड मेम्बर्स होते हैं उन्हें पब्लिक रेप्रेजेंटेटिव कहा जाता है और जो नौकर हैं उन्हें पब्लिक सर्वेन्ट कहा जाता है। लेकिन यहां पर

पब्लिक रेप्रेजेन्टेटिव के ऊपर पब्लिक सर्वेन्ट बैठेगा क्योंकि वह प्रेजीडेंट होगा। पब्लिक रेप्रेजेन्टेटिव उसके मातहत होंगे। मेरी समझ में नहीं आया यह कौन-सी डेमोक्रेसी है ? यह भी हमारे यहां अंग्रेजों की देन है जैसे कि 600 रियासतें और जमींदारी सिस्टम अंग्रेजों की देन था। 600 रियासतें और जमींदारी सिस्टम तो अब रहा नहीं लेकिन यह 62 रिस्ते हुए नासूर अभी भी कायम हैं। मेरी तो सरकार से सीधी सी मांग है कि इन 62 कैंटोनमेंट्स को एबालिश कर दिया जाए।

उसका बेहतर तरीका यह है कि जिस केन्टोनमेंट के साथ म्यूनिसिपल कमेटी है, उसको म्यूनिसिपल कमेटी के साथ जोड़ दिया जाए। अगर कोई कारपोरेशन है, तो कारपोरेशन के साथ जोड़ दिया जाए। मैं आपको यह भी बतलाना चाहता हूं कि इनके बोर्ड्स की यूटिलिटी क्या है। आर्मी के जो आदमी वहां पर रहते हैं, उनके पानी, बिजली और सड़क आदि की व्यवस्था एम ई एस करता है, बोर्ड कुछ नहीं करता है। दूध, घी, मक्खन, पनीर मिलिटरी डेयरी फार्म देता है, बोर्ड कुछ नहीं करता है। हास्पिटल मिलिटरी के तहत चलता है, बोर्ड कुछ नहीं करता है। आम सामानों की दुकानें आफिसर कमांडिंग के तहत चलती हैं, सेल्स टैक्स भी माफ होता है, इसमें भी बोर्ड कुछ नहीं करता है। मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि आखिर यह बोर्ड किस लिए है ? आर्मी की किसी सर्विस के लिए है, तो है किस के लिए। अगर सिविलियन पोपुलेशन के लिए है, तो सिविलियन पोपुलेशन तो आसानी से म्युनिसिपल के जरिए तय की जा सकती है।

मैं एक बात यह भी कहना चाहता हूं कि सरकार द्वारा 168 संशोधन लाए गए हैं और 162 माननीय सदस्यों द्वारा लाए गए हैं। इससे जाहिर होता है कि सरकार भी काफी चिंतित है, और माननीय सदस्य भी काफी चिंतित हैं, लेकिन इसमें बात पूरी नहीं आती है। तफसील में मैं बाद में अपनी बात कहूंगा। इसलिए बेहतर यही होगा, जैसा कि माननीय श्री डागा जी ने भी कहा है कि इसको ज्वाइंट सिलेक्ट को रैफर कर दिया जाए, ताकि वह अपने विचार दे सके। हर चीज को देखते हुए, सोच समझ कर दो तीन महीने के बाद अगले सैशन में इसको पास किया जा सकता है।

उपाध्यक्ष महोदय, यह पहले के कानून में है कि अगर सात चुने हुए सदस्य हैं, तो आठ नामजद मेम्बर होंगे, लेकिन पैरिटी लाने के लिए कह दिया कि आठवां मेम्बर नोमिनेट नहीं करेंगे। सात ही इलैक्टैड होंगे और सात ही नामजद होंगे। मैं समझता था कि इसके बारे में कोई अमेंडमेंट लायेंगे कि सात ही इलैक्टेड होंगे और सात ही नामजद होंगे, लेकिन आठवें के नामजदगी हटाने की बात नहीं रखी गई है। आर्डर के जारी करने से उसको हटाया हुआ है। इसका सीधा सा मतलब यह है कि उस आर्डर को कभी-कभी वापिस लिया जा है। आप इतने अमेंडमेंट लाये थे, तो इसके लिए भी लाया जा सकता है।

वाइस प्रैजीडेंट पर नो-कांफिडेंस की बात के लिए सैक्शन-21 में कहा है कि उसकी रिक्वीजिशन पर आधे से कम इलैक्टेड आदमी साइन नहीं करेंगे। मतलब यह कि सात आदमी हैं तो चार आदमी साइन करेंगे और साथ ही उसमें यह शर्त भी लगा दी है कि दो-तिहाई से कम उसको पास नहीं कर पायेंगे। यदि प्राइम मिनिस्टर के खिलाफ भी नो-काफिडेंस आता है, तो सिम्पल मैजोरिटी के पास हो सकता है, तो इस वाइस प्रैजिडेंट में ऐसे कौन-से सुर्खाब के पर लगे हुए हैं कि उसको हटाने के लिए दो-तिहाई बहुमत चाहिए। सिम्पल मैजोरिटी से उसको हटाया जा सकता है मैं यह भी कहना चाहता हूं कि वाइस प्रैजीडेंस इलैक्टेड होता है, तो उसको हटाने के लिए नोमिनेटेड आदमियों की वोट नहीं होनी चाहिए।

श्री एम० सत्यनारायण राव : उसमें है, ओनली इलैक्टेड।

श्री सूरज भान : नहीं है। आप देख लीजिए। उनकी वोट नहीं होनी चाहिए।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं एक बात यह भी कहना चाहता हूं कि जो इलैक्टेड मेम्बर्स हैं, उनको मीटिंग एटेंड करने के लिए कम से कम 21 रुपए रोजाना भत्ता दे दीजिए। हमें 51 रु० मिलता है, तो उन्हें 21 रु० दे दीजिए। एक बात मैं यह भी कहना चाहता हूं, जो बहुत ही महत्वपूर्ण है, कि हमारे 62 केन्टोनमेंट में से सिर्फ 12 केन्टोनमेंट बोर्ड ही आत्मनिर्भर हैं। सन् 1981-82 में उनको 5 करोड़ 5 लाख रुपया अनुदान के तौर पर दिया है। इनको पूरा करने के लिए जो तरीके अख्तियार कर रखे हैं, वे अन-कांस्टीच्यूशनल हैं। सातवें शेड्यूल में स्टेट की लिस्ट है। उसमें टैक्सेस आन लैण्ड्स एंड बिल्डिंग्स स्टेट गवर्नमेंट लगा सकती है, केन्द्र या बोर्ड नहीं लगा सकता है। टैक्स एन्टरटेनमेंट और एम्यूजमेंट एमेनीटीज पर सैन्ट्रल गवर्नमेंट नहीं लगा सकती है, स्टेट गवर्नमेंट लगा सकती है। आक्ट्रॉय टैक्स स्टेट गवर्नमेंट लगा सकती है, केन्द्र या बोर्ड नहीं लगा सकता है, लेकिन बोर्ड ने लगा रखा है। अगर कोई आदमी कोर्ट में चैलेंज कर दे तो उसी दिन सैट-ए-साइड हो जाएगा। ये चल इसीलिए रहे हैं कि जिस वक्त टैक्स लगे हैं, उस वक्त हिन्दुस्तान में संविधान नहीं था। इसलिए मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि आप इसको हटाइए। अखबार और रेडियो के एडवर्टिजमेंट पर केन्द्र लगा सकती है, लेकिन इसके बाद भी कहीं दीवारों पर एडवर्टिजमेंट होते हैं, तो टैक्स लगाए हुए हैं। अगर आप को लगाना ही है तो आप एमेंडमेंट लाइए।

कांस्टीट्यूशन में एमेंडमेंट कीजिए और यह जो सीरियस लेकूना है, इस को दूर कीजिए।

श्री गिरधारी लाल व्यास (भीलवाड़ा) : एमेंडमेंट की आवश्यकता नहीं है।

श्री सूरज भान : बगैर एमेंडमेंट जो यह किया जा रहा है, यह गलत है और अगर किसी कोर्ट में यह चेलेंज होगा, तो सेट एसाइड हो जाएगा। खैर, मैं सुझाव ही दे सकता हूं।

एक बात और यह कहना चाहता हूं कि इस के आबजक्टस में यह कहा गया है कि सिविल एरिया कमेटी को हम ज्यादा पावर्स दे रहे हैं लेकिन हकीकत यह है कि और ज्यादा पावर्स देने की बजाय आप उसकी पावर्स घटा रहे हैं। मैंने इसके बारे में एमेंडमेंट दी है और मैं ज्यादा तफसील में इस समय नहीं जा सकता, अगर उस एमेंडमेंट को आप एक्सेप्ट कर लेते हैं तो जो आपकी मंशा ज्यादा पावर्स देने की है, उस एमेंडमेंट को एक्सेप्ट कर लेने के बाद उस को ज्यादा पावर्स मिल जाएंगी।

एक बहुत सीरियस चीज है। 51 (ए) में आप ने यह कहा है :

> "The Central Government may, at any time, review any decision or order of the Board or the Officer Commanding-in-Chief, the Command, and pass such orders thereon as it may deem fit."

उपाध्यक्ष महोदय, आज बोर्ड एक फैसला करता है, एक आदमी मकान के लिये दरख्वास्त देता है कि मैं नक्शा पेश कर रहा हूं और उस का नक्शा पास हो जाता है और वह मकान बना लेता है। अब इस में लिखा है "एट एनी टाइम" तो इसका मतलब यह हुआ कि 10 साल के बाद भी कहा जा सकता है कि फैसला बोर्ड गलत दिया है और सेन्ट्रल गवर्नमेंट कहती है कि नहीं मकान गिराओ, तो मकान गिरा दिया जाएगा। इसमें अगर आप तीन महीने की लिमिट रखते, तो बात समझ में आ सकती थी या 6 महीने की लिमिटेड रखते, तो भी बात समझ में आ सकती थी लेकिन 10 साल के बाद आप यह कह दें कि बोर्ड का फैसला गलत है और मकान गिराओ, तो मेरा कहना यह है कि इस में कुछ तो सेन्स होनी चाहिए।

मैं समझता हूं कि कैन्टोनमेंट बोर्ड लैंड पालिसी में बहुत कमियां हैं की और इसलिए मेरा कहना यह है कि लैंड पालिसी इस एक्ट

का हिस्सा होनी चाहिए। अगर आप ऐसा कर देते हैं, तो अच्छा होगा। इत्तिफाक से में कैन्टोंमेंट के एरिया से आता हूं और वहीं पर रहता हूं।

श्री एम० सत्यनारायण राव (करीमनगर) : कौन सी केन्ट में।

श्री सूरज भान : अम्बाला केन्ट में।

श्री एम० सत्यनारायण राव : वह तो सैल्फ-सफीशियेन्ट है।

श्री सूरज भान : सैल्फ-सफीशियेन्ट है लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं कि वहां पर करीब 400 परिवार कोई 100 साल पहले आए थे और उनमें आधे से ज्यादा हरिजन परिवार हैं। अंग्रेजों ने उन्हें वहां पर बसाया था और उनके पास आधा एकड़ जमीन है, किसी के पास मुश्किल से एक एकड़ जमीन हो सकती है लेकिन अधिकांश के पास आधा एकड़ जमीन है। वहां पर उन को इसलिए बसाया गया था कि वे आर्मी के लिए सब्जी पैदा करके दें। उन गरीबों के सिर पर 15 साल से तलवार लटक रही है और अब यह हो रहा है कि इन को उजाड़ो, इन के घर गिराओ। जो तलवार उन के सिर पर लटक रही है, वह वापस होनी चाहिए। मैं यह भी बताना चाहता हूं कि जहां एक तरह इन आधा एकड़ वाले गरीब परिवारों को उजाड़ने की बात हो रही है, वहां दूसरी तरफ कर्नल सुजान सिंह, जो अब रिटायर हो चुके हैं, उनको 14 एकड़ जमीन, बड़ी वेल्यूएबिल जमीन, जी० टी० रोड० पर, वहां के प्रेसीडेंट ने बिना बोर्ड की मंजूरी के, बिना सेन्ट्रल गवर्नमेंट की इजाजत के पर्मानेन्ट लीज पर दे दी जबकि पर्मानेन्ट लीज पर वह नहीं दी जा सकती है। बोर्ड ने रेज्योलूशन पास किया कि वह जमीन उन से वापस ले ली जाए, इसके लिए कार्यवाही की जाए। तब भी कुछ नहीं हुआ, तो केस अदालत में पहुंचा और नतीजा यह हुआ कि उस ने उस का किराया देना भी बन्द कर दिया। एक तरफ आधे एकड़ वाले को उजाड़ने की बात हो रही है और दूसरी तरफ मिलिट्री के एक रिटायर्ड आफिसर को 14 एकड़ जमीन देकर बसाया जा रहा है। इसमें कुछ तो होना चाहिए।

कुछ दिक्कतें आती हैं। एक आदमी मकान का नक्शा देता है लेकिन वह पास नहीं होता है और यह कहा जाता है कि दो मंजिला मकान नहीं बन सकता। क्यों नहीं बन सकता ? वे कहते हैं कि हवाई जहाज आ कर टकराएगा लेकिन उसके साथ ही तीसरी मंजिल बनी हुई है। इस तरह की जो चीजें होती हैं, वे गलत हैं और इन को दूर होना चाहिए।

अम्बाला केन्ट में पानी की दिक्कत है। मुझे इस बात की खुशी है कि मैं वक्तन फवक्तन आदरणीय के० पी० सिंह देव से मिलता रहता हूं और उन्होंने कई दिक्कतें दूर भी की हैं और इस के लिए मैं उनको धन्यवाद देता हूं लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं कि पिछली दीवाली को जहां मुल्क भर में रोशनी हुई, वहां कैन्टोन्मेंट एरिया में बिल्कुल रोशनी न थी। उन्होंने इन्टरवीन किया और उसमें कुछ किया भी। और चीजों के लिये भी वे कर रहे हैं। मैं चाहता हूं कि वहां पर जो लोगों की दिक्कतें हैं, उनको दूर किया जाए।

एक चीज और कहना चाहता हूं कि बोर्ड की सब-कमेटीज जो बनती हैं, उनमें कहीं भी मिलिट्री आफिसर चैयरमैन नहीं होता लेकिन वहां पर वह चैयरमैन बन गए। मैंने इस मामले को टेक-अप किया और आदरणीय सिंह देव जी ने उसको बाद में हटा दिया लेकिन मेरा कहना यह है कि इस किस्म की धांधली चलती है, उस को चैक करना चाहिए।

आखिर में एक छोटी सी बात कह कर मैं बैठना चाहता हूं। जबलपुर में नेहरू नगर है। नाले और रेलवे लाइन के बीच में वह है और वहां पर दक्षिण से आकर 70 हरिजन परिवार बसे हैं। यह नगर आदरणीय पण्डित नेहरू के नाम से जुड़ा हुआ है। वह जमीन किसी काम की नहीं है लेकिन वहां पर उन लोगों को उजा-

ड़ने की बात हो रही है । मैं माननीय मन्त्री जी से कहूंगा कि वे इस केस को एग्जामिन करा लें और ये गरीब हरिजन जो दक्षिण से आ कर बसे हैं, उनको वहां से न उजाड़ा जाए ।

सब से आखिरी बात यह है कि कोटा में 5 लाख से ज्यादा की पापूलेशन हो गई है । आप की पालिसी यह है कि सिविल पापूलेशन को बढ़ाने के लिये कोई जमीन नहीं देगें ।

वहां की सिविल पापूलेशन को जमीन की जरूरत है । एक अलग ब्रिगेड बनी है, उसको भी जगह चाहिए । उसके लिये कहीं भी जगह ली जा सकती है । कोटा के भूतपूर्व राजा का मकान लिया गया है । कहते है खाली जमीन भी ली गई है । 1975 में इस जमीन को लेने का फैसला किया गया । आज तक यह जमीन एक्वायर नहीं हुई है और दो करोड़ रुपया भूतपूर्व राजा को देने का फैसला हो रहा है । जब जमीन एक्वायर नहीं की गई है, इस्तेमाल नहीं हो रही है तो दो करोड़ रुपया किस बात का दिया जा रहा है । मैं कहना चाहता हूं कि यह दो करोड़ रुपया हरगिज न दिया जाए । सिविल पापूलेशन को इस जमीन की जरूरत है । कोटा के मास्टर प्लान में भी और ट्रेफिक सुविधा के लिये इस जमीन का नाम आया है । इस केश को एग्जामिन किया जाए ।

अंत मे मेरा कहना भी यही है कि बेहतर यही होगा कि इस बिल को ज्वाइट सलेक्ट कमेटी में भेज दिया जाये तो ज्यादा अच्छा होगा । इससे सारी बीमारियां दूर हो जाएगी।

SHRI M. SATYANARAYAN RAO : Mr. Deputy Speaker, Sir, I agree with Mr. Daga and other friends to refer this Bill to the Joint Select Committee. This is not a small Bill, this is a very big Bill brought forward in this House containing about 167 clauses. Being a Member of the Estimates Committee, I was one of the Members who visited these Cantonment areas. When we went there, we received several representations from the people living there. They had represented about their difficulties and all those things to which I shall come later on. First, I would like to say that I do not think that the Minister stands on prestige on this matter. As a matter of fact, it is the wish of all the Members that because it requires detailed consideration, the Joint Select Committee should not be delayed under any circumstances. If it is referred to the Joint Select Committee, it should not be given any extension and they should be asked to submit their report by the next session so that we can take it up in the next session. I think it is a good suggestion and I hope the hon. Minister will accept this proposal. It is very necessary because this Act was passed in 1924 and, of course, there was an amendment also in 1954 but since 1954 it was never amended. After a long time, it is coming for the first time and in view of the changing circumstances in the country I think it is very necessary that it should be referred to a Joint Select Committee. It will have enough time not only to meet the people living there but also to meet the other army officers for whom these Cantonment Boards were constituted in 1924. They can then formulate the recommendations and those recommendations can be considered by us.

Now, in this particular Bill, I congratulate the Minister for extending the term from three years to five years. But, unfortunately, the term of the elected Vice-President is proposed to be reduced from three years to $2\frac{1}{2}$ years. It is not only undemoratic but it is also irrational. It should not be like that. If that is the proposal, if you think that more persons should be given opportunity to serve as Vice-President, then why don't you make it one year ? Then in five years, five persons will have the opportunity to serve as Vice-President. Just like our Corporations where the term of Mayor is only one year, you make the term of the Vice-President also either one year or five years but not $2\frac{1}{2}$ years. There is no meaning at all in making it $2\frac{1}{2}$ years. Better you make it five years. After all, we are also here for five years, so why not those people ? Those should not be any discrimination. It is not reasonable at all. I think it will be accepted by you.

I appreciate the purpose of not making an elected man a President. At the time the Act was enacted in 1924, the primary object was to serve the troops in the cantonment

area. During this period, not only the areas under the cantonment have expanded but the population living in the cantonment areas has also increased. These people have gone to the cantonment areas, not only to earn their livelihood but also to serve the troops as traders, barbers, washermen etc. These people, in their turn, had children and the population further increased. But the provision of facilities in the cantonments did not increase correspondingly.

If we look at the conditions in the cantonments, as Shri Madhavrao Scindia has pointed out, some of them are doing well like Jubbalpor, Pune, Ambala, Kanpur, Delhi etc. About 12 cantonments are self-sufficient and they are providlng all the facilities like provision of drinking water, running of schools, hospitals etc. But the remaining cantonments are in a hopeless condition. As a member of the Sub-Committee of the Estimates Committee, I have myseif seen some of them. The conditions there are not at all good. So, you have to increase the grant-in-aid to them.

Even though the people from the surrounding areas are going to the cantonment, the State in which the cantonment is situated is not prepared to come forward to extend financial help on the ground that under the Cantonments Act, the repsponsibility of providing drinking water, schools and hospitals is that of the Cantonment Board, which comes under the Central Government, and so they have no obligation. Now that Act has been amended they cannot take that plea. Further, it is a joint responsibility of the Central and State Government. As was mentioned when the debate on Centre-State relationship was going on, we all belong to ona State or another. We may be elected to Lok Sabha, some may be Ministers here, but we are all coming from the States. The States cannot take the stand that they have no responsibility, so far as cantonment is concerned. So, the Centre should impress on the State Governments to help the cantonments, especially when they are in financial difficulties.

Since the States are imposing three taxes, like sales-tax, the tax on motor vehicles and one more ; why do you not ask them to earmark a portion of it for the cantonments so that it will help the financial position of the cantonments ? This is a suggestion made by the Estimates Committee, which should be taken into consideration by the hon. Minister.

The conditions of living of the people in the cantonment area requires proper attention on the part of the hon. Minister. Apart from being the Defence Minister, he is also a trade union leader. So, he has to improve the conditions of the poorer sections of the people. It is the responsibility of the Defence Minister to see that not only the troops are provided with all the amenities, but also the people who are serving the troops are provided all the amenities. The finances required for that purpose should be provided to the cantonments. Apart from the tax structure recommended by the Estimates Committee, the grant-in-aid by the Central Government in 1982 was about Rs. 6 crores. It is not at all sufficient. When we are giving you so many crores of rupees for the defence of the country, you have to provide more money for the cantonments, because they are part and parcel of the defence effort.

Here I want to refer to the condition of the cantonment in Secunderabad. I have already referred to it in the Consultative Committee. The Estimates Committee has also made a reference to it after seeing the conditions. The Defence Secretary has agreed to take it up with the State Government. But you should alro provide some more facilities. Now the roads are in a very hopeless condition. There is a National Highway which goes through the Cantonment area. That is not maintained by the State Government or by anybody else. When I asked the State Government why they are not maintaining it properly when it is in a hopeless condition, they say it is not their responsibility. The car owners are complaining that whenever they travel on that road their cars are getting damaged completely. Somebody brought this to my notice; and I actually saw it when I visited that place. So, when I brought this to the notice of the State Government, they said that it is not their responsibility, it is a cantonment area, so the Defence people should attend to that. When I asked the Defence people, they said it is not their responsibility because it is a National Highway. That way it is a suffering to the people. The Estimates Committee has specifically recommended that this should

be taken up and repaired immediately. I hope that this will be repaired soon.

I do not want to take much of the time of the House, but I once again request the hon. Minister to refer this Bill to the Select Committee with the instructions that the report should be submitted to this House by next Session.

